# उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड

प्रादेशिक मुख्यालय, महानगर , लखनऊ
☎ 0522-2332928 Website :www. bsgup.org E.Mail :upscoutsguides@yahoo.com

पत्रांकः— एस0जी—05/ 1184 /2019—20

दिनांक 12 सितम्बर,2019

सेवा में,

समस्त सम्मानित सदस्य
प्रादेशिक परिषद
उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड।

विषयः—प्रादेशिक परिषद की बैठक का कार्यवृत्त का प्रेषण।

महोदय/महोदया,

अध्यक्ष, उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड, डॉ0 महेन्द्र सिंह, कैबिनेट मंत्री, जल शक्ति, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 28.07.2019 को सिटी माण्टेसरी स्कूल, विशाल खण्ड—I गोमतीनगर, लखनऊ में सम्पन्न प्रादेशिक परिषद की बैठक का कार्यवृत्त आपकी सेवा में संलग्न प्रेषित है।

भवदीय,

(आनन्द सिंह रावत)
प्रादेशिक सचिव
उ0प्र0भारत स्काउट और गाइड

संलग्नकः—उक्तवत्।

# उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड, प्रादेशिक मुख्यालय, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ।

## प्रादेशिक परिषद की बैठक 28.07.2019 का कार्यवृत्त

उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड संस्था की प्रादेशिक परिषद की बैठक दिनांक 28.07.2019 को सिटी माण्टेसरी स्कूल, विशाल खण्ड–I गोमती नगर, लखनऊ के आडीटोरियम में अध्यक्ष, उ0प्र0 भारत स्काउट एंव गाइड **डॉ0 महेन्द्र सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ग्राम्य विकास, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य, उ0प्र0 सरकार की अध्यक्षता** में पूर्वान्ह 11: 30 बजे से प्रारम्भ हुई।

बैठक में उपस्थिति निम्नवत रही–

| कम सं0 | नाम | पद | जनपद |
|---|---|---|---|
| 1 | डा0 महेन्द्र सिंह | प्रादेशिक अध्यक्ष | लखनऊ |
| 2 | श्री महेश चन्द्र सक्सैना | प्रादेशिक उपाध्यक्ष | बदायूँ |
| 3 | डा0 आर0पी0 मिश्रा | प्रादेशिक उपाध्यक्ष | लखनऊ |
| 4 | श्री देव भाष्कर तिवारी | प्रादेशिक उपाध्यक्ष | मऊ |
| 5 | डा0 प्रभात कुमार | प्रादेशिक मुख्यायुक्त | लखनऊ |
| 6 | श्री राजेश मिश्रा | प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट) | आगरा |
| 7 | सुश्री ललिता प्रदीप | प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) | लखनऊ |
| 8 | श्री आलोक कुमार अग्रवाल | प्रादेशिक कोषाध्यक्ष | लखनऊ |
| 9 | श्री आनन्द सिंह रावत | प्रादेशिक सचिव | लखनऊ |
| 10 | श्रीमती कुसुम मनराल | संयुक्त प्रादेशिक सचिव | लखनऊ |
| 11 | श्री राजेन्द्र सिंह हंसपाल | प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) | लखनऊ |
| 12 | श्रीमती कामिनी श्रीवास्तव | प्रादेशिक संगठन कमिश्नर(गाइड) | लखनऊ |
| 13 | श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव | प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त(स्काउट) | लखनऊ |
| 14 | श्रीमती देवकी शोभित | प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त(गाइड) | लखनऊ |
| 15 | डा0 महेन्द्र सिंह त्यागी | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(स्का0) | मेरठ |
| 16 | डा0 तेज प्रताप सिंह | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(स्का0) | देवरिया |
| 17 | श्री सन्तोष कुमार दीक्षित | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(स्का0) | कानपुर नगर |
| 18 | श्री प्रदीप सिंह | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(स्का0) | बरेली |
| 19 | श्री ओंकार शुक्ला | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(स्का0) | वाराणसी |
| 20 | डा0 मुकेश अग्रवाल | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(स्का0) | आगरा |
| 21 | डॉ0 जे0पी0 मिश्रा | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(स्का0) | लखनऊ |
| 22 | श्रीमती अर्चना गुप्ता | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(गाइड) | झाँसी |
| 23 | श्रीमती वंदना तिवारी | सहायक प्रादेशिक आयुक्त(गाइड) | लखनऊ |
| 24 | श्री सत्यपाल सिंह | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | बिजनौर |
| 25 | श्री लक्ष्मीकांत शुक्ला | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | रायबरेली |
| 26 | श्री विजय सिंह लवानियाँ | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | आगरा |

...2/–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27 | श्री हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | महराजगंज |
| 28 | श्री श्रीराम यादव | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | रायबरेली |
| 29 | श्री सुमन किशोर तिवारी | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | उन्नाव |
| 30 | श्री मॉगा सिंह | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | शामली |
| 31 | श्री दिनेश सिंह यादव | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | उन्नाव |
| 32 | श्री हीरा लाल यादव | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | गोरखपुर |
| 33 | श्री प्रदीप गुप्ता | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | प्रयागराज |
| 34 | श्री सोरन सिंह परिहार | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | बिजनौर |
| 35 | श्री सतीश कुमार श्रीवास्तव | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | कुशीनगर |
| 36 | श्री दिनेश कुमार त्रिवेदी | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | रायबरेली |
| 37 | श्री अवनीश कुमार शुक्ला | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | रायबरेली |
| 38 | श्री दिनेश सिंह | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | आजमगढ |
| 39 | श्री शत्रुहन सिंह | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | रायबरेली |
| 40 | श्री रूपेश कुमार शुक्ला | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | रायबरेली |
| 41 | श्री नजीर मुकबिल | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | सीतापुर |
| 42 | श्री सोमेन्द्र सिंह | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | मेरठ |
| 43 | श्री प्रमोद कुमार दूबे | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | आजमगढ |
| 44 | श्री सुरेन्द्र कुमार यादव | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | लखनऊ |
| 45 | श्री कामाख्या प्रसाद पाठक | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | श्रावस्ती |
| 46 | श्री सन्तोष कुमार वर्मा | लीडर ट्रेनर (स्काउट) | मुजफ्फॅरनगर |
| 47 | श्रीमती निर्मला देवी | लीडर ट्रेनर (गाइड) | रायबरेली |
| 48 | श्रीमती अनीसा तनवीर | लीडर ट्रेनर (गाइड) | रायबरेली |
| 49 | श्रीमती आशा यादव | लीडर ट्रेनर (गाइड) | कानपुर नगर |
| 50 | श्रीमती निरूपमा बाजपेयी | लीडर ट्रेनर (गाइड) | रायबरेली |
| 51 | सुश्री प्रभा चौहान | लीडर ट्रेनर (गाइड) | कानपुर नगर |
| 52 | श्रीमती साधना शर्मा | लीडर ट्रेनर (गाइड) | रायबरेली |
| 53 | सुश्री कान्ती देवी गुप्ता | लीडर ट्रेनर (गाइड) | रायबरेली |
| 54 | सुश्री रविन्दर कौर सोखी | लीडर ट्रेनर (गाइड) | वाराणसी |
| 55 | सुश्री रेनू भारद्वाज | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | आगरा |
| 56 | श्री श्रीनिवास शुक्ल | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | गोरखपुर |
| 57 | डा0 राम निवास यादव | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | एटा |
| 58 | श्री राजनरायण शुक्ल | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | प्रयागराज |
| 59 | श्री राम नरेश सिंह चौहान | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | रायबरेली |
| 60 | श्री राधेश्याम सिंह | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | रायबरेली |
| 61 | श्री रमेश चन्द्र सिंह | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | देवरिया |
| 62 | श्री उमेश चन्द्र शुक्ला | संस्थागत सदस्य प्रतिनिधि | महराजगंज |
| 63 | श्री श्रीश चन्द्र शर्मा | आजीवन सदस्य प्रतिनिधि | बदायूॅ |
| 64 | श्री नन्द राम शाक्य | संस्थागत सदस्य प्रतिनिधि | बदायू |
| 65 | मो0 असरार अहमद | साधारण अभिदानी सदस्य प्रतिनिधि | बदायूॅ |
| 66 | डा0 मुकेश सिह | जिला मुख्यायुक्त | लखनऊ |
| 67 | श्री सत्यदेव यादव | जिला आयुक्त (स्काउट) | लखनऊ |
| 68 | श्रीमती प्रतिमा मिश्रा | जिला आयुक्त (गाइड) | लखनऊ |
| 69 | श्री संतोष कुमार सिंह | स्काउटर प्रतिनिधि | लखनऊ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 70 | डा0 राजेश तिवारी | जिला आयुक्त (स्काउट) | हरदोई |
| 71 | श्रीमती गायत्री देवी | जिला आयुक्त (गाइड) | हरदोई |
| 72 | डा0 शिवाकान्त कुशवाहा | स्काउटर प्रतिनिधि | हरदोई |
| 73 | श्रीमती कल्पना भदौरिया | गाइडर प्रतिनिधि | हरदोई |
| 74 | श्री कमलेश कुमार वर्मा | जिला आयुक्त (स्काउट) | सीतापुर |
| 75 | श्रीमती मंजू सिंह | जिला आयुक्त (गाइड) | सीतापुर |
| 76 | श्री राजेश कुमार | स्काउटर प्रतिनिधि | सीतापुर |
| 77 | श्रीमती प्रसन्नलता | स्काउटर प्रतिनिधि | सीतापुर |
| 78 | श्री अनुज कुमार वर्मा | जिला मुख्यायुक्त | लखीमपुरखीरी |
| 79 | डा0 कृष्ण चन्द्र मिश्रा | जिला आयुक्त (स्काउट) | लखीमपुरखीरी |
| 80 | सुश्री अंजली श्रीवास्तव | जिला आयुक्त (गाइड) | लखीमपुरखीरी |
| 81 | श्री हरिओम मिश्रा | स्काउटर प्रतिनिधि | लखीमपुरखीरी |
| 82 | सुश्री शशिबाला श्रीवास्तव | गाइडर प्रतिनिधि | लखीमपुरखीरी |
| 83 | श्री ब्रजेश कुमार तिवारी | जिला आयुक्त (स्काउट) | रायबरेली |
| 84 | श्री सन्त कुमार सिंह | जिला आयुक्त(स्काउट) | उन्नाव |
| 85 | श्री चन्द्रशेखर | स्काउटर प्रतिनिधि | उन्नाव |
| 86 | श्रीमती वन्दना | गाइडर प्रतिनिधि | उन्नाव |
| 87 | श्री अजयपाल सिंह | जिला आयुक्त (स्काउट) | बदायूँ |
| 88 | श्रीमती सीमा यादव | गाइडर प्रतिनिधि | बदायूँ |
| 89 | डा0 निकहत परवीन | गाइडर प्रतिनिधि | रामपुर |
| 90 | श्री ओमपाल सिंह | जिला मुख्यायुक्त | बिजनौर |
| 91 | श्री अनुपम माहेश्वरी | जिला आयुक्त(स्काउट) | बिजनौर |
| 92 | श्री ब्रजवीर सिंह राजपूत | स्काउटर प्रतिनिधि | बिजनौर |
| 93 | डा0 गजेन्द्र पाल सिह | जिला मुख्यायुक्त | अमरोहा |
| 94 | श्री आदिल अब्बासी | जिला आयुक्त (स्काउट) | अमरोहा |
| 95 | श्री अतुल कुमार कौशिक | स्काउटर प्रतिनिधि | अमरोहा |
| 96 | श्री विजय सिंह | जिला मुख्यायुक्त | सम्भल |
| 97 | श्री देवेन्द्र सिंह | जिला आयुक्त (स्काउट) | सम्भल |
| 98 | श्रीमती संगीता भार्गव | जिला आयुक्त (गाइड) | सम्भल |
| 99 | डा0 अनूप सिंह | जिला मुख्यायुक्त | सहारनपुर |
| 100 | डा0 कुदुसिया अंजूम | जिला आयुक्त (गाइड) | सहारनपुर |
| 101 | डा0 कंचनप्रभा शुक्ला | जिला मुख्यायुक्त | मुजॅफ्फरनगर |
| 102 | श्रीमती किरन रानी | गाइडर प्रतिनिधि | मुजॅफ्फरनगर |
| 103 | श्री प्रवीण कुमार | जिला मुख्यायुक्त | शामली |
| 104 | श्री सतेन्द्र कुमार आर्य | जिला आयुक्त (स्काउट) | शामली |
| 105 | डा0 प्रतिभा | जिला आयुक्त (गाइड) | शामली |
| 106 | श्री सुशील कुमार शर्मा | जिला आयुक्त (स्काउट) | मेरठ |
| 107 | श्री पवन कुमार | स्काउटर प्रतिनिधि | मेरठ |
| 108 | श्री निर्दोष कुमार त्यागी | स्काउटर प्रतिनिधि | मेरठ |

...4/

| | | | |
|---|---|---|---|
| 109 | कैप्टन पी0के0 शर्मा | जिला मुख्यायुक्त | बुलन्दशहर |
| 110 | श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल | जिला मुख्यायुक्त | गाजियाबाद |
| 111 | श्री सुरेश चन्द्र कौशिक | जिला मुख्यायुक्त | बागपत |
| 112 | श्रीमती कमलेश कौशिक | जिला आयुक्त (गाइड) | बागपत |
| 113 | डा0 सुबोध कुमार गुप्ता | जिला मुख्यायुक्त | हापुड |
| 114 | श्री राजेश कुमार सिंह | जिला आयुक्त (स्काउट) | हापुड |
| 115 | श्रीमती पूनम त्यागी | गाइडर प्रतिनिधि | हापुड |
| 116 | डा0 अनिल वशिष्ठ | जिला आयुक्त (स्काउट) | आगरा |
| 117 | डा0 ममता शर्मा | जिला आयुक्त (गाइड) | आगरा |
| 118 | श्री लाखन सिंह | स्काउटर प्रतिनिधि | आगरा |
| 119 | श्रीमती सुशीला देवी तिवारी | गाइडर प्रतिनिधि | आगरा |
| 120 | डा. सन्तोष कुमार कुशवाहा | जिला मुख्यायुक्त | फिरोजाबाद |
| 121 | डा0 विनोद यादव | जिला आयुक्त(स्काउट) | फिरोजाबाद |
| 122 | डा0 दर्शना कुमारी | जिला आयुक्त(गाइड) | फिरोजाबाद |
| 123 | श्री पवन प्रताप सिंह | स्काउटर प्रतिनिधि | फिरोजाबाद |
| 124 | जिला विद्यालय निरीक्षक | जिला मुख्यायुक्त | मथुरा |
| 125 | श्री निरंजन सिंह सोलंकी | जिला आयुक्त(स्काउट) | मथुरा |
| 126 | सुश्री शालिनी अग्रवाल | जिला आयुक्त(गाइड) | मथुरा |
| 127 | श्री विद्याराम वर्मा | जिला आयुक्त (स्काउट) | कासगंज |
| 128 | श्री राम मिलन सिंह | जिला मुख्यायुक्त | कानपुर नगर |
| 129 | डा0 गिरीश कुमार मिश्रा | जिला आयुक्त (स्काउट) | कानपुर नगर |
| 130 | श्री साहब लाल | स्काउटर प्रतिनिधि | कानपुर नगर |
| 131 | श्रीमती सुधा पाण्डेय | गाइडर प्रतिनिधि | कानपुर नगर |
| 132 | श्री योगेश कुमार मिश्रा | जिला आयुक्त (स्काउट) | कानपुर देहात |
| 133 | श्री दिनेश चन्द्र वर्मा | जिला आयुक्त (स्काउट) | फर्रूखाबाद |
| 134 | डा0 राम प्रकाश कटियार | जिला आयुक्त (स्काउट) | कन्नौज |
| 135 | श्री मदन मोहन शंखधर | जिला आयुक्त (स्काउट) | प्रयागराज |
| 136 | श्रीमती शुभा वांशिंगटन | जिला आयुक्त (गाइड) | प्रयागराज |
| 137 | श्री प्रमोद कुमार तिवारी | जिला आयुक्त (स्काउट) | प्रतापगढ |
| 138 | श्रीमती गीता | जिला आयुक्त (गाइड) | प्रतापगढ |
| 139 | जिला विद्यालय निरीक्षक | जिला मुख्यायुक्त | मीरजापुर |
| 140 | श्री रविभूषण सिंह | जिला कमिश्नर(स्काउट) | सोनभद्र |
| 141 | श्री बलराम कृष्ण यादव | स्काउटर प्रतिनिधि | सोनभद्र |
| 142 | सिस्टर अल्फोन्सा | जिला मुख्यायुक्त | गाजीपुर |
| 143 | श्री संजय कुमार यादव | स्काउटर प्रतिनिधि | गाजीपुर |
| 144 | डा0 चन्द्रकला सिंह | जिला आयुक्त(गाइड) | जौनपुर |
| 145 | श्रीमती राज कुमारी सिंह | गाइडर प्रतिनिधि | जौनपुर |
| 146 | डा0 शैलजा राय | जिला मुख्यायुक्त | बलिया |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 147 | डा0 अरूण कुमार सिंह | जिला मुख्यायुक्त | गोरखपुर |
| 148 | श्री अजय कुमार गुप्ता | स्काउटर प्रतिनिधि | गोरखपुर |
| 149 | श्रीमती जय लक्ष्मी पाण्डेय | गाइडर प्रतिनिधि | गोरखपुर |
| 150 | डा0 मिथलेश कुमार सिंह | जिला मुख्यायुक्त | देवरिया |
| 151 | श्री माधव प्रसाद सिंह | जिला आयुक्त (स्काउट) | देवरिया |
| 152 | श्री महाराणा प्रताप सिंह | स्काउटर प्रतिनिधि | देवरिया |
| 153 | डा0 कृष्ण कुमार | जिला आयुक्त (स्काउट ) | महराजगंज |
| 154 | श्री अश्विनी कुमार पाण्डेय | जिला मुख्यायुक्त | कुशीनगर |
| 155 | जिला विद्यालय निरीक्षक | जिला मुख्यायुक्त | गोण्डा |
| 156 | श्री पवन कुमार सिंह बौद्व | जिला आयुक्त (स्काउठ) | श्रावस्ती |
| 157 | श्रीमती अकीला बानो | जिला आयुक्त(गाइड) | श्रावस्ती |
| 158 | डा0 राम सुरेश मिश्र | जिला मुख्यायुक्त | अयोध्या |
| 159 | श्री देवी प्रसाद वर्मा | जिला आयुक्त (स्काउठ) | अयोध्या |
| 160 | श्रीमती मधुबाला कनौजिया | जिला आयुक्त(गाइड) | अयोध्या |
| 161 | श्री हरि शंकर त्रिपाठी | स्काउटर प्रतिनिधि | अयोध्या |
| 162 | डा0 तारा वर्मा | जिला मुख्यायुक्त | अम्बेडकर नगर |
| 163 | श्री राजेन्द्र प्रसाद चौधरी | जिला आयुक्त (स्काउठ) | अम्बेडकर नगर |
| 164 | श्रीमती नीलम वर्मा | जिला आयुक्त(गाइड) | अम्बेडकर नगर |
| 165 | श्री राम चन्द्र वर्मा | स्काउटर प्रतिनिधि | अम्बेडकर नगर |
| 166 | श्रीमती निशात फात्मा | गाइडर प्रतिनिधि | अम्बेडकर नगर |
| 167 | डा0 राम कुमार गिरि | जिला मुख्यायुक्त | बाराबंकी |
| 168 | डा0 बलराम वर्मा | जिला आयुक्त (स्काउठ) | बाराबंकी |
| 169 | श्रीमती रश्मि गुप्ता | जिला आयुक्त(गाइड) | बाराबंकी |
| 170 | श्री राम चन्द्र | स्काउटर प्रतिनिधि | बाराबंकी |
| 171 | जिला विद्यालय निरीक्षक | जिला मुख्यायुक्त | अमेठी |
| 172 | श्री मान सिंह | जिला आयुक्त (स्काउठ) | अमेठी |
| 173 | सुश्री (डा0)फूलकली गुप्ता | जिला आयुक्त(गाइड) | अमेठी |
| 174 | मेजर मिथलेश कुमार पाण्डेय | जिला आयुक्त (स्काउठ) | बॉदा |

**एजेण्डा बिन्दु–1** बैठक की कार्यवाही प्रार्थना से प्रारम्भ हुई।

**एजेण्डा बिन्दु–2** सम्मानित सदस्यों द्वारा स्व परिचय दिया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–3** डॉ0 प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त द्वारा सभा की अध्यक्षता कर रहें **मा0 डॉ0 महेन्द्र सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ग्राम्य विकास, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य, उ0प्र0 सरकार एंव अध्यक्ष, उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड और सदन में उपस्थित सभी अधिकारियों एंव सदस्यों का स्वागत एंव अभिनन्दन किया गया। स्वागत भाषण परिशिष्ट–1 पर संलग्न है।**

प्रादेशिक मुख्यायुक्त महोदय के स्वागत भाषण के पश्चात मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा परिषद की बैठक के अवसर पर सदन में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, अधिकारियों एंव स्काउट/गाइड संगठन से जुडे व्यक्तियो का आभार व्यक्त किया गया और वर्ष 2018 के राज्य पुरस्कृत स्का0गा0 तथा गणतंत्र दिवस की झॉकी के अवसर पर जिन स्का0/गा0 ने अपना योगदान दिया था उन्हे पुरस्कृत किया । इस अवसर पर प्रादेशिक मुख्यालय के वार्षिक कार्यकम पत्रिका का विमोचन भी किया गया। माननीय अध्यक्ष महोदय का भाषण परिशिष्ट–2 पर संलग्न है।

अध्यक्ष महोदय के सदन से जाने के बाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री महेश चन्द्र सक्सैना की अध्यक्षता में आगे की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**एजेण्डा बिन्दु–4–** प्रादेशिक परिषद की गत बैठक दिनांक 16 सितम्बर 2017 का कार्यवृत्त माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया। सम्मानित सदस्यों द्वारा गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि सर्वसम्मति से की गयी।

**एजेण्डा बिन्दु–5–** प्रादेशिक परिषद की गत बैठक दिनांक 16 सितम्बर 2017 में लिए निर्णयों के संबंध में अनुपालन आख्या सदन के समक्ष प्रस्तुत की गयी, जिसमें सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त हुआ।

**एजेण्डा बिन्दु–6** उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड संस्था की वर्ष 2018–2019 में सम्पन्न संगठनात्मक एंव प्रशिक्षणात्मक कार्यकमों की वार्षिक आख्या माननीय सदस्यो के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गयी।

**एजेण्डा बिन्दु–7** प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2016–2017 एंव वर्ष 2017–18 का आडिट स्टेटमेंट माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसमें सदन द्वारा सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया।

...7/–

**एजेण्डा बिन्दु–8** वित्त समिति द्वारा संस्तुत एंव प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2018–2019 का प्रस्तावित बजट पत्रक माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसमें सदन द्वारा सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–9** वित्त समिति द्वारा संस्तुत एंव प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2018–2019 मे दिनांक 1.4.2018 से 31.1.2019 तक का वास्तविक आय–व्यय विवरण माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसमें सदन द्वारा सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–10** वित्त समिति द्वारा संस्तुत एंव प्रादेशिक कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित वित्तीय वर्ष 2019–2020 का वार्षिक बजट पत्रक माननीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसमें सदन द्वारा सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–11–** आगामी 5 वर्षो के लिए संस्था के लेखों के आडिट हेतु आडिटर की नियुक्ति एंव उसके पारिश्रमिक के संबंध में प्रस्ताव विचारार्थ / निर्णयार्थ प्रादेशिक परिषद की बैठक में सम्मानित सदस्यों के सम्मुख रखा गया, जिसमें निम्नानुसार स्वीकृति प्राप्त हुई–

" आगामी 5 वर्षो के लिए रू0 7000/– प्रतिवर्ष पारिश्रमिक पर संस्था के लेखों की आडिट हेतु आडिटर मैसर्स सुभाष तुली एण्ड कंपनी हलवासिया कोर्ट हजरतगंज लखनऊ को नियुक्त किया गया "।

**एजेण्डा बिन्दु–12–** प्रादेशिक परिषद हेतु 7 आमेलित सदस्यों, विद्यालय प्रबन्ध समिति एंव अवशेष निर्वाचित पदों के चयन हेतु माननीय प्रादेशिक अध्यक्ष के निर्देश पर माननीय मुख्यायुक्त महोदय को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया।

**एजेण्डा बिन्दु–13–** उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड प्रादेशिक संस्था की उपनियमावली के उपनियम 13(ग) में प्राविधानित समय सीमा में सदस्यों से कोई प्रस्ताव प्राप्त न होने की सूचना सदन को दी गई।

...8/–

**एजेण्डा बिन्दु–14–** यह प्रस्ताव (प्रादेशिक संस्था की उपनियमावली का नियम–22) निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुआ , सदन में इस पर काफी चर्चा हुई। निर्णय हुआ कि इसको नियमों के आलोक में परीक्षण करा लिया जाय।

**एजेण्डा बिन्दु–15–** अध्यक्ष श्री महेश चन्द्र सक्सैना ने अपने सम्बोधन में मंचासीन सभी पदाधिकारियों एंव सदन में उपस्थित समस्त सदस्यों एंव अतिथियों का हार्दिक स्वागत एंव अभिनन्दन किया और इस परिषद की बैठक में उपस्थित होने एंव बहुमूल्य रचनात्मक सुझाव देने हेतु उन्हें साधुवाद दिया।

**एजेण्डा बिन्दु–16–** प्रादेशिक आयुक्त(गाइड) सुश्री ललिता प्रदीप द्वारा अध्यक्ष, प्रादेशिक मुख्यायुक्त, प्रादेशिक आयुक्त(स्काउट), प्रादेशिक कोषाध्यक्ष, श्री जगदीश गॉधी जी, जिन्होंने बैठक हेतु स्थान उपलब्ध कराया, सदन में उपस्थित समस्त जिला मुख्यायुक्त, समस्त जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड), लीडर ट्रेनर (स्काउट/गाइड), स्काउटरॅ/गाइडर प्रतिनिधि एंव संगठन से जुडे हुए समस्त उपस्थित सदस्यो , मीडिया तथा जिन्होंने भी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से इस परिषद को सफल बनाने में योगदान दिया के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और आशा की कि भविष्य में भी इसी प्रकार का सहयोग आप सभी से प्राप्त होता रहेगा।

अंत में राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ।

(डॉ0 महेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष,
उ0प्र0 भारत स्काउट एंव गाइड
**अध्यक्ष**
**प्रादेशिक परिषद**
उ०प्र० भारत स्काउट और गाइड

समाप्त

परिशिष्ट-1

डॉ0 प्रभात कुमार, प्रादेशिक मुख्यायुक्त ने मंच पर विराजमान सभा की अध्यक्षता कर रहे परम आदरणीय डा0 महेन्द्र सिंह, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), ग्राम्य विकास, चिकित्सा एंव स्वास्थ्य, उ0प्र0 सरकार एंव अध्यक्ष, उ0प्र0 भारत स्काउट और गाइड का इस परिषद की बैठक में उपस्थित होने के लिए हृदय से स्वागत किया साथ ही उन्होने प्रादेशिक उपाध्यक्ष गणो, प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट), प्रादेशिक आयुक्त (गाइड), प्रादेशिक कोषाध्यक्ष, एंव हाल में उपस्थित सभी सहायक प्रादेशिक आयुक्त मुख्यालय आयुक्त, एल0टी0 (स्काउट/ गाइड), जिला मुख्यायुक्त, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कमिश्नर (स्काउट )/(गाइड), जिला स्काउटर प्रतिनिधि, जिला गाइडर प्रतिनिधि , मीडिया कर्मियों एंव प्रदेश के सुदूर अंचलों से पधारे स्काउटिंग परिवार के समस्त आगन्तुकों का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन किया। मुख्यायुक्त ने सदन को अवगत कराया कि जैसा कि आज उ0प्र0 सरकार की ओर से लखनऊ में इनवेस्टर्स समिट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गृह मंत्री,भारत सरकार, मा0मुख्यमंत्री उ0प्र0 सहित बहुत से मंत्रीगण एंव पदाधिकारी प्रतिभाग कर रहें हैं। हमारे अध्यक्ष महोदय उस कार्यक्रम को छोडकर यहॉ उपस्थित हुए हैं। यह हमारे लिए गौरव की बात है। आदरणीय अध्यक्ष महोदय उस कार्यक्रम में से समय निकाल कर हमारी परिषद की बैठक में उपस्थित हुए हैं, इस हेतु मै विशेष रूप से अध्यक्ष महोदय का संस्था की ओर से और अपनी ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन करता हूॅ। हमें हार्दिक प्रसन्नता है कि अध्यक्ष के रूप में हमें ऐसा व्यक्ति मिला है, एक ऐसा हस्ताक्षर मिला है, जिनकी श्रेष्ठता, परिश्रम, सिन्सीयरिटी, कर्मठता एंव ईमानदारी की ख्याति प्रदेश में हर व्यक्ति को मालूम है। माननीय अध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में अगले 5 वर्षो में उ0प्र0 भारत स्काउट एंव गाइड का जो विकास होगा, वह प्रदेश में अद्वितीय होगा, अविस्मरणीय होगा। मुख्यायुक्त जी ने आगे कहा कि हमने अध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में जनवरी, 2019 से इस संस्था में काम करना शुरू किया है। इस संस्था के जो नियम है वह अद्वितीय है।

मै आप सभी का प्रादेशिक परिषद की इस बैठक में एक बार पुनः स्वागत और अभिनन्दन करता हूॅ। प्रादेशिक अध्यक्ष महोदय का बहुत आभारी हूॅ और व्यक्तिगत रूप से भी आभारी हूॅ कि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यक्रम से समय निकालकर कर इस बैठक में उपस्थित हुए जो यह दर्शाता है कि उनके हृदय में स्काउट/गाइड का कितना स्थान है। जय हिन्द..जय स्काउट, जय गाइड...........।

---

मुख्यायुक्त महोदय के स्वागत भाषण के पश्चात अध्यक्ष महोदय द्वारा गणतंत्र दिवस, 2019 के अवसर पर स्काउट/गाइड झांकी में सम्मिलित स्काउट/गाइड को तथा वर्ष 2017–18 में राज्य पुरस्कृत स्काउट/गाइड को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। तत्पश्चात सदन को सम्बाधित करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय ने कहा कि मै स्काउट/गाइड की प्रादेशिक परिषद की बैठक में आ करके बहुत गौरवान्वित महशूस कर रहा हूॅ। " साथ चलने का इरादा अगर जवां हो जायेगा, आदमी ही आदमी का कारंवा बन जायेगा, तू किसी के पंख के नीचे एक थोडी जमीं दें, तू भी किसी के नजरो में आसमां बन जायेगा "। कभी भी कोई भी व्यक्ति यदि महान बना तो वह अपने कर्मो से बना। डॉ0 प्रभात कुमार जो स्वंय बडें बडें पदो पर रहें हैं और सेवा निवृत्त होने के बाद भी ऐसे विभाग के चैयरमैन हैं जो देश को लोकसेवक देता है। यह सब लाखों व्यक्तियों की दुवाएं और माता पिता के आर्शीवाद का ही फल है। बडी मेहनत करके ही मनुष्य बडे पद पर पहुॅचता है। जब भगवान राम के नाम रखने की बारी आई तो गुरू वशिष्ठ ने कहा सो सुखधाम राम रचि राखा, अखिल लोग हृदय शिवासा, दूसरे नाम की बारी आई तो उन्होंने कहा विश्व भरण पोषण कोई ताकि नाम भरत हो सोई। तीसरे के नाम रखने की बारी आई तो उन्होंने कहा जाके समुरत तेहि मुनासा नाम शत्रुह्न बेगि प्रकाशा। चौथे की बारी आई तो लक्ष्यमण धाम नाम प्रिय, सकल गुण आघात, गुरू वशिष्ठ तेरी आघात लक्ष्यमण नाम उदार। जब नाम रखा जाता है तो ऐसे ही नहीं रखा जाता है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि प्रभात का मतलब है कि स्काउट गाइड में एक नया सबेरा । आप पहले स्काउटिंग से जुडे फिर वहॉ(अध्यक्ष लोक सेवा आयोग, उ0प्र0) पहुॅचे मुझे लगता है कि जो व्यक्ति स्काउटिंग से जुडता है, वह आगे ही जाता है। डा0 प्रभात कुमार के मुख्यायुक्त बन जाने से स्काउट /गाइड संगठन में निश्चित रूप से एक नया सवेरा आ गया है। मै प्रदेश भर से इस बैठक में पधारे हुए जिला मुख्यायुक्त, जिला कमिश्नर (स्काउट/गाइड), स्काउटर/गाइडर प्रतिनिधियों एंव सहायक प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट/गाइड ), मुख्यालय आयुक्त (स्काउट/गाइड) मंचासीन पदाधिकारियों एंव जिले की टीमों से जुडे हुए सभी सदस्यों का लखनऊ में गोमती के तट क्षेत्र पर और मॉ सरस्वती के प्रांगण में हार्दिक स्वागत करता हूॅ।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि स्काउटिंग के बारे में आप वरिष्ठ लोग ज्यादा जानते हैं मै आज पहली बैठक में आया हूॅ। यह वर्दी पवित्रता की प्रतीक है। यह प्यार की प्रतीक है, सेवा की प्रतीक है, सद्भावना की प्रतीक है, व्यवहार की प्रतीक है

मित्रता की प्रतीक है, प्रकृति के साथ सांमजस्य स्थापित करने की प्रतीक है। सबको साथ लेकर चलने की प्रतीक है। इसीलिए हमारी वर्दी में बैज है। वर्दी पहनने के बाद लोग जैसे होते हैं वैसे दिखते नहीं है, जो आप चाहते हैं वैसा नहीं कर सकते है। जैसी वर्दी पहनी हो वैसा आपको करना पडेगा, वैसा दिखना पडेगा। यह सामान्य बात नहीं है। यह मेरी इज्जत का सवाल नहीं है, मेरी वर्दी की इज्जत का सवाल है। मेरी कैप की इज्जत का सवाल है, स्काउट/गाइड की इज्जत का सवाल है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि मै इतिहास के पन्नो पर नहीं जाना चाहता हूॅ लेकिन इतना जरूर कहूगा कि लोगो ने मुझे बताया और एक बुकलेट दी है उसे हमने देखा कि एक विदेशी व्यक्ति ने कैसी परिकल्पना की थी। कुछ लोगो ने कहा 1907, कुछ ने कहा 1908 । परिकल्पना को भारत में साकार रूप किसने दिया। कैसे समझा भारत के लोगो ने। ऐनी बेसेण्ट , मदन मोहन मालवीय जी, बाजपेयी जी ने क्या सोचा।

सब लोगो के सोचते सोचते 1908 से 1916, 1918, 1932 , 1934 से देश कैसे आगे बढा और 1950 से लेकर अभी तक कैलकुलेट करके देखें तो आज हम लोग एक सदी से चलकर दूसरी सदी में आ गये हैं। बीसवी सदी से चलकर 21वीं सदी में आ गये हैं। जब हम लोगो ने शुरूआत किया था तो भारत में कुछ और छाया था और जब आज हम लोग 21वीं सदी में हैं । पूरी दुनियॉ इसे मान रही है। 1950 से आज की तारीख में देखे तो 68 वर्ष 8 महीने 21 दिन हो गये हैं। यदि दिनो में कैलकुलेट किया जाय तो 25 हजार 803 दिन हो गये हैं, यदि घण्टे में कैलकुलेट करें तो 3 लाख 1 हजार 912 घण्टे हो गये हैं। यदि मिनटो में देखे तो 6 करोड 61 लाख 19 हजार 520 मिनट, सैकेण्ड में देखे तो 2 अरब 16 करोड 71 लाख 31 हजार 200 सैकेण्ड हो गये हैं। इस यात्रा से एक गौरवशाली इतिहास की अनुभूति होती है। ईश्वर और देश के लिए मै अपने कर्तव्यों का पालन करूँगा, कितना सुन्दर भाव है। चार लाइनो में सब कुछ कह दिया गया है। सामान्य बात नहीं है। अंर्तमन से सोचिए, कर्म करना चाहिए, अनुभव करना चाहिए, अनुभूति करनी चाहिए। विश्वास करना चाहिए। भरोसा करना चाहिए। मै कहता हूॅ कि दुनियॉ कुछ भी सोचे बिना भारत के कुछ सोच ही नहीं सकते हैं। वेदो में, 108 उपनिषदो में, 18 पुराणों में, गीता, रामायण, महाभारत सब में कहा गया है कि सेवा से बढकर कुछ भी नहीं हैं। उ0प्र0 में 23 करोड लोग हैं कितने लोग आपके मेम्बर हैं। प्रभु ने आपको चर्चा करने के लिए चुना है। सनातन धर्म,

बौद्व धर्म, ईसाई धर्म, सिख धर्म सभी धर्म किसी न किसी धर्म का प्रतीक हैं किन्तु हमारा स्काउट/गाइड सर्वागीण विकास का प्रतीक है। शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक ,बौद्विक, शैक्षिक, सर्वागीण , चर्तुमुखी विकास अगर सब कुछ प्राप्त करना है तो स्काउट/गाइड संगठन से जुड जाइये। सेवा, व्यवहार, आचरण, वाणी, सुद्वता, परोपकर, सहायता, जो कुछ चाहिए स्काउट/गाइड में मिलता है, यही तो हमारी विशेषता हैं।

अध्यक्ष महोदय ने आगे कहा कि आप लोग अभी अपना परिचय दे रहे थे, आप लोगो में स्काउटिंग दिखनी चाहिए। ऊर्जा होनी चाहिए तथा वह परिलक्षित होनी चाहिएं आप स्काउट के लोग हैं। अपने अंदर बदलाव लाइये। सबकुछ बदलकर रख दीजिये। उ0प्र0 को स्काउट में नं0 1 होना चाहिए इसका संकल्प लीजिये। बाहर से भी बेहतर अंदर से होना चाहिए। धन से हीन होने पर मनुष्य हीन नहीं होता है किन्तु चरित्र से हीन होने पर मनुष्य मरे हुए के समान होता है। हम जिस संस्था से जुडे हुए हैं, वह संस्था सामान्य संस्था नहीं है। स्काउट/गाइड संगठन सर्वागीण विकास का प्रेरक है। पिछले वर्ष गणतंत्र दिवस की परेड में हमारे बच्चों ने प्रतिभाग किया और तीसरा स्थान प्राप्त किया यह सौभाग्य का विषय है। जैसे डा. प्रभात कुमार जी ने स्काउट /गाइड संबंधी अन्य स्थानो पर जाकर प्रशिक्षण केन्द्रों की दुदर्शा को देखा और संकल्प लिया कि इनको एक स्वच्छ और अच्छे प्रशिक्षण केन्द्रों में तब्दील करेंगे यह बात मुझे बताई गई, मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई। मै अध्यक्ष रहूँ या न रहूँ, किन्तु देश में स्काउट एंव गाइड का स्थान नं0 1 पर होना चाहिए। हर कोई भाग्य लेकर आता है और कर्म लेकर जाता है। मै भी पूरी लगन व भावना से इस संस्था के उत्थान हेतु प्रयास करूँगा।

---